## एक नजर में

### सर्किल जेल में मुनिश्री बोले: योग, प्राणायाम और गुरु मंत्र से पाएँ चित्त की शांति




**रतलाम।** सर्किल जेल रतलाम में मंगलवार को दिगंबर जैन मुनि श्री सद्भाव सागर जी मसा ने कैदियों से मुलाकात कर उन्हें आत्मिक शांति और मानसिक स्थिरता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक श्री भदौरिया ने मुनि श्री का पाद प्रक्षालन कर सम्मान किया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य की श्वास ही उसके जीवन की शक्ति है। जब हम अपनी श्वास को नाभि से जोड़कर नियंत्रित करते हैं, तो मन की अशांति स्वत: समाप्त हो जाती है। विश्वास रखिए, यह साधना किसी भी दवा से अधिक प्रभावशाली है। उन्होंने बंदियों को सरल प्राणायाम विधि सिखाते हुए बताया चार सेकंड में श्वास लें, दो सेकंड रुकें, फिर चार सेकंड में छोड़ें। यह प्रक्रिया केवल नौ बार करें। इससे चित्त की नकारात्मकता दूर होगी और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। मुनि श्री ने आगे कहा कि प्रतिदिन केवल 10 मिनट योग और गुरु मंत्र जाप करने से मन की आज़ादी और सुख की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि जिसका कोई गुरु नहीं है, वह ' नम: ' मंत्र का जाप करते हुए योग करे। यह साधना जीवन में प्रसन्नता और स्थिरता लाती है। उन्होंने कैदियों को यह भी प्रेरित किया कि वे किसी का उपहास न करें, सदा प्रसन्न रहें और परमात्मा से सबके मंगल की कामना करें। प्रवचन के अंत में मुनि श्री सद्भाव सागर जी मसा. ने प्रतिक्रमण विधान का आयोजन किया तथा कैदियों को प्रतिक्रमण पुस्तिकाएँ वितरित कीं। कार्यक्रम में जेल प्रशासन के अधिकारी, श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन श्रावक संघ, श्री विमल सन्मति युवा मंच एवं सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारी सदस्य एवं कैदी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 6 को

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी यू.पी. अहिरवार द्वारा बताया गया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 6 नवम्बर को शासकीय आई.टी.आई. रतलाम में रखा गया है। जिसमें बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण आयु 18 से 40 वर्ष तक तय की गई है। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में 6 नवम्बर को समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. रतलाम में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं अपने आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित रहे।

### छप्पन भोग की आरती

**रतलाम।** श्री सर्व ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में शक्ति नगर स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर पर रविवार भगवान परशुराम जी का अन्नकूट महोत्सव बड़ी धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रात:काल ब्रह्म मुहूर्त में भगवान परशुराम जी का दुग्धाभिषेक और गंगाजल से स्नान कर पूजा-अर्चना की गई। महाआरती के पश्चात भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए और प्रसादी वितरण किया गया। ढोल-नगाड़ों, घंटियों और शंखनाद के मधुर उद्घोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में ब्राह्मण शिरोमणि, उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रमोद व्यास, सनातन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल पुरोहित, तथा श्रीराम इंडस्ट्री के संचालक बी.एल. पुरोहित द्वारा भगवान परशुराम जी की मुख्य आरती संपन्न की गई। इस अवसर पर भक्त महिलाओं ने गरबा-रास कर उल्लास का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नरेंद्र जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, महिला अध्यक्ष सुनीता पाठक सहित 35 से अधिक उपजातियों के अध्यक्ष, सचिव, महिला शक्ति और युवा शक्ति के सैकड़ों विप्रबंधु उपस्थित रहे। सभी ने समाज की एकता और संगठन की भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं ने अन्नकूट महोत्सव की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और भगवान परशुराम जी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।

### श्री नित्य चिंताहरण गणपति मंदिर में आज अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन

**रतलाम।** सनातन परंपरा के अनुरूप श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर, पेलेस रोड रतलाम में बुधवार, 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे 56 भोग अन्नकूट महोत्सव एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन होगा। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से भगवान श्री गणपति को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती एवं महाप्रसादी (अन्नकूट) वितरण किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष जनक नागल, सचिन सिंह देवड़ा, पं. अमित रावल, रत्ना पाल, अमित सिंह देवड़ा, भुवनेश सिंह राठौड़, मुकेश व्यास, अशोक मेहता, मुकेश त्रिवेदी, अंकुर देवड़ा, मनीष लखारा एवं जय शर्मा ने सभी भक्तों और धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान गणपति के अन्नकूट महोत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### हजरत सैयद बेरी वाले बाबा का 50 वा उर्स आज

**जावरा।** हजरत सैयद बेरी वाले बाबा का 50 वॉ उर्स आज बुधवार को मनाया जाएगा। उर्स की चादर चादर स्टेशन चौराहा लक्की फोटो कॉपी से उठाई जाएगी जो कि उनके आस्ताने आलिया तिलक नगर पर पेश की जाएगी। जहां आस्ताने पर कव्वाली पेश की जाएगी। बाद कव्वाली खुसूसी मेहमानों सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे लंगर का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनम यूसुफ कडपा नगर पालिका अध्यक्ष, अनिल दसेड़ा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पवन सोनी पार्षद होंगे। उर्स को सफल बनाने की अपील दरगाह खिदमतगार इशाक मोहम्मद, बाबू भाई नक्श बंदी चिश्ती, जाकिर हुसैन नक्श बंदी कादरी, जितेंद्र सोनी, शंकरलाल भोला पंडित, मदन हलवाई, असलम भाई, बिंदु भाई, हाफिज मोहमद, सलीम भाई, बादशाह, दिनेश अग्रवाल, रफीक भाई, शहीद हुसैन, नासिर, मो अख्तर, इमरान हुसैन, शाह हुसैन, सीदु शेख, गुलाम खालिद, भूरा, शाहिद, शेर मोहम्मद, असलम, रमेश बंडवा, राजेश शर्मा बंडवा आदि ने की।

### पोरवाल समाज ने मनाया अन्नकूट-



**ढोढर।** नगर में पोरवाल समाज ने श्री राम मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया महिलाओं ने रंगोली बनाई व भगवान को छप्पन भोग लगाया गया शाम को आरती के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन रखा गया बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# आटो की पहचान कर पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** निराला नगर क्षेत्र में हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे जांचे थे। इसमें पुलिस को मुख्य सुराग के रूप में आटो रिक्शा नजर आया था। इसी आटो रिक्शा को ढूंढकर पुलिस ने वारदात का खुलासा मात्र 24 घंटे के भीतर कर दिया। मामले में चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं।

**निराला नगर में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा**



चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में, थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में गठित बनाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 25 अक्टूबर को शाम 17:15 बजे से 26 अक्टूबरको 16:15 बजे के बीच, फरियादी बलजीत सिंह पिता सुजान सिंह खनुजा, उम्र 66 वर्ष, निवासी 71, निराला नगर, रतलाम, के घर में अज्ञात चोरों द्वारा दो लैपटॉप (एचपी व लेनोवो कंपनी), एक सैमसंग आईपैड एवं डिब्बे में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। इस पर थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**इन्हें किया गिरफ्तार:** मोईन पिता रफिक खान (26) निवासी उकाला रोड, सूरजमल जैन नगर व समीर पिता फकीर मोहम्मद (27) निवासी उकाला रोड, पेट्रोल पंप के आगे को गिरफ्तार किया। वहीं गोलू उर्फ इमरान, प्रिंस दोनों निवासी रतलाम फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास कर रही हैं।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका:** चोरी के मामले में आरोपियों को पकड़ने एवं माल बरामद करने में थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम के थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, निरी अमित कोरी, उनि. हिमाल सिंह डामोर, उनि. ध्यान सिंह सोलंकी, उनि राजा तिवारी, प्रआर नारायण सिंह जादौन, प्रआर दिलीप रावत, आर माखन सिंह, आर. अभिषेक पाठक आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार, सीसीटीवी से प्रआर शान्तिलाल डिन्डोर, आर पारस चावला, शिव कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

**सख्ती से पूछताछ में कबूली वारदात**

घटना को गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। संदिग्धों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों मोईन पिता रफिक खान उम्र 26 वर्ष, उकाला रोड, सूरजमल जैन नगर, रतलाम एवं समीर पिता फकीर मोहम्मद उम्र 27 वर्ष, उकाला रोड, पेट्रोल पंप के आगे, रतलाम ने अपने साथी गोलू उर्फ इमरान एवं प्रिंस (दोनों निवासी रतलाम) के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत चोरी गई एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी गया माल मशरूका बरामद किया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, 1500 रु. नगद (कुल किमती 17 हजार), घटना में प्रयुक्त ऑटो जप्त किया गया है। अन्य प्रकरण में चोरी गई हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की हैं।

## शराब के पैसे नहीं दिए तो चाकू से हमला

**रतलाम।** शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर हुए विवाद में किशोर के साथ दो युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर निवासी युवराज पिता हेमंतसिंह राठौर पर नेपाली उर्फ जफर निवासी पीएनटी कॉलोनी तथा गट्टू निवासी विनोबा नगर ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। युवराज ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी रवि रैनीवाल के कैफे पर बैठा था। उसी दौरान नेपाली और गट्टू आए और गल्ले में से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। उसने रुपए देने से इंकार किया। इसी बात को लेकर विवाद करते हुए युवराज पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवराज को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल युवराज की रिपोर्ट पर औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## मेधावी छात्र व उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह न्यास, श्री मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में जेएमडी रिसॉर्ट पर रविवार को अन्नकूट महोत्सव, उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान तथा 15 से अधिक समाज के वरिष्ठजनों एवं कलाकारों का शाल-श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

**जनसुनवाई में 59 आवेदन पर हुई सुनवाई**




मुख्य अतिथि महाराजा अजमीढ़जी न्यास के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, न्यास के संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मींडिया, श्यामलाल कड़ेल (पूर्व अध्यक्ष) अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय तथा श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह न्यास के संस्थापक अध्यक्ष नवनीत जलोतिया, न्यास अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, सचिव रमेश सोनी तथा अतिथि के रूप में यातायात डीएसपी आनन्द सोनी, जेएमडी रिसॉर्ट के डॉयरेक्टर तथा भाजपा नेता प्रवीण मींडिया, थाना प्रभारी श्रीमती गायत्री सोनी तथा राजस्व निरीक्षक श्रीमती ज्योति देवी सोनी के अतिरिक्त युवा मंच अध्यक्ष लक्की सोनी (भीम), महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा देवी मींडिया मंचासीन थे। संस्थापक अध्यक्ष नवनीत जालोतिया ने संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। 12 समाजसेवियों का अभिनन्दन किया गया तथा समाज के डॉक्टर, सीए तथा विभिन्न कला क्षेत्रों में पारंगत कलाकारों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर दिलीप वर्मा, शैलेष जलोतिया, संजय सोलीवाल, अखिलेश सहदेव, संतोष सोनी, जगदीश भामा, राजकुमार बेवाल आदि मौजूद रहे।

**इनका किया सम्मान**

डॉ हजारीमल रुणवाल, नन्दकिशोर खत्री, प्रहलाद खेजड़वाल राय साहब, जगदीश सोलीवाल, गट्टूलाल भामा, गोपाल कड़ेल, फकीरचंद ढल्लीवाल, कैलाश रुणवाल (दादाभाई), संतोष सहदेव, श्रीमती राजादेवी धुपड़, राजू देवी रुणवाल, शांति देवी जवड़ा तथा डॉ अश्विन सोनी, राजेश सोनी (थेवा कला), क्रिस गौरांग सोनी एवं अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## भक्ति के बीज बचपन में डालें, पचपन में नहीं : ऋषभदेव

**इंदौर. भक्ति किसी भी रूप में हो, उसका प्रतिफल अवश्य मिलता है. विडंबना है कि हमें वृद्धावस्था में ही भक्ति का जुनून चढ़ता है. यदि बाल्यकाल से ही भक्ति के संस्कार मिलें, तो वृद्धावस्था संवर जाएगी. भक्ति के बीज बचपन में डालें, पचपन की उम्र में नहीं. भक्ति में निष्काम भाव होना चाहिए. भक्ति में पाखंड या प्रदर्शन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकते.**



यह उद्गार बालव्यास भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज बनारस वालों ने सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन, दत्त मंदिर के पास चल रहे संगीतमय भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति की महिमा बताते हुए व्यक्त किए. कथा शुभारम्भ के पूर्व अजय पांडे, श्रीमती मंजुला प्रशांत पांडे, विजय शर्मा, रेखा पूरे, श्रीमती प्रभा पांडे, श्रीमती सोना संजय, प्रिंस पांडे आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. संयोजक मंजुला पांडे ने बताया कि पं. ऋषभदेव प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथामृत की वर्षा कर रहे हैं. सोमवार को परीक्षित मिलन एवं सती चरित्र प्रसंगों की व्याख्या की गई.

भजनों पर भक्तों के नाचने-गाने का क्रम पहले दिन से ही चल रहा है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए आ रहे हैं. मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव, बुधवार को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजन, गुरुवार को रुक्मणी विवाह तथा शुक्रवार को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का समापन होगा. कथा प्रसंगानुसार विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएंगे.

## अकाउंटेंट्स एसोसिएशन के दीपोत्सव हुई प्रतियोगिताएं



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दीपावली के पावन अवसर पर रतलाम अकाउंटेंट्स एसोसिएशन (आरएए) द्वारा पारिवारिक दीप मिलन समारोह का आयोजन रविवार 80 फीट रोड स्थित नारायणी पैलेस किया। इस दौरान आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई।

आरएए के दीपोत्सव कार्यक्रम में आतिशबाज़ी की चकाचौंध से अधिक, इस आयोजन ने अपनत्व, सौहार्द और दीपों की रौशनी से सभी के हृदय को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों और सम्माननीय सदस्यों ने दीपावली की शुभकामनाएँ साझा करते हुए नए उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज में प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों, के प्रति आभार व्यक्त किया। रतलाम अकाउंटेंट्स एसोसिएशन का यह दीपमिलन समारोह एक सुंदर संदेश के साथ संपन्न हुआ, जहाँ अपनत्व है वहीं रोशनी है।

**प्रमुख विशेषताएँ**

आयोजन में आरएए के सदस्यों ने सपरिवार उपस्थिति होकर आयोजन को सफल बनाया। बच्चों एवं वयस्कों के लिए मनोरंजक खेल और गतिविधियाँ हुई। इसमें नन्हें-मुन्नों द्वारा गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गई। परिवार की उपस्थिति पर आधारित पुरस्कार योजना (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान) विजेताओं को पुरस्कार एवं सभी बच्चों को रिटर्न गिफ्ट वितरण किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि उजाला केवल घरों में नहीं, दिलों में और समाज में भी फैलाना है।

## जिनेन्द्रमुनिजी मसा के मुखारविन्द से मुमुक्षु के जन्मदिवस पर होगी दीक्षा

**रतलाम।** भण्डारी परिवार की लाड़ली 34 वर्षीय मुमुक्षु अंजलि भंडारी की दीक्षा का आज्ञा पत्र सौंपने के लिए मुमुक्षु के पिता महेन्द्र भण्डारी, माता सुशीला भण्डारी, दीदी-जियाजी दीपिका-सुमित चौपड़ा व तृप्ति-अंशुल शाह, भानजी तहती व पार्श्वी सहित भण्डारी व कर्णावट परिवार व अन्य परिजनों ने प्रवर्तकश्री जिनेन्द्रमुनिजी मसा आदि ठाणा-9 व साध्वी पुण्यशीलाजी आदि ठाणा-10 के दर्शन, वंदन, मांगलिक, व्याख्यान आदि का लाभ लिया। लक्कड़ पीठा स्थित डीपी परिसर पर आयोजित धर्मसभा में प्रवर्तकश्रीजी व अतिशयमुनिजी ने व्याख्यान फरमाए। प्रवर्तक श्रीजी ने मुमुक्षु व पूरे परिवार को खूब खूब धन्यवाद दिया। वहीं रत्नपुरी गौरव साध्वी अनंतगुणाजी ने स्तवन प्रस्तुत किया। भंडारी व कर्नावट परिवार के सदस्यों ने मुमुक्षु अंजलि भंडरी की दीक्षा का आज्ञा पत्र सौपकर दीक्षा की सहर्ष अनुमति दी। इस दौरान पूरी धर्मसभा जयकारों से गूंज उठी। दीक्षा का आज्ञा पत्र होने से रतलाम श्रीसंघ ही नहीं अपितु धर्मदास गण एवं समूचे जैन समाज सहित क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

**14 नवम्बर को होगी दीक्षा**

अणु मित्र मंडल के अध्यक्ष रितेश माण्डोत व अणु श्राविका मंडल की अध्यक्ष मोनिका गांधी ने बताया कि प्रवर्तकश्रीजी ने मुमुक्षु अंजलि भंडारी की दीक्षा 14 नवंबर को रतलाम में करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर को मुमुक्षु अंजलि भंडारी का जन्म दिवस भी है। प्रवर्तकश्री इसी दिन रतलाम में मुमुक्षु अंजलि भंडारी को भी दीक्षा प्रदान करेंगे।

## मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर महाआरती के बाद हुई प्रसादी वितरित

**जावरा।** श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी अन्नकूट महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, शाम 7 बजे सभी देवी देवताओं की महाआरती की गई, रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरण किया गया, कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल पोखरना, उपाध्यक्ष आईपी त्रिवेदी, सचिव गिरीश चावला, सह सचिव पवनसिंह खींची, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह तोमर, त्रिलोकपाल सर, रुद्र प्रतापसिंह, राजेश गौतमी, मनोज तनवानी, दीपक जैन, दिनेश शर्मा, मांगीलाल खोईवाल, राजेश पांचाल, घनश्यामदास बैरागी, दीपक प्रजापत, निलेश सेठिया, संदीप तिवारी, रूपेंद्रसिंह तोमर, उपस्थित थे राहुल पंडित के सानिध्य में महा आरती की गई।

## पिपलौदा एवं रिंगनोद पुलिस ने 2 नाबालिग बालिकाओं को राजस्थान से किया बरामद

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को राजस्थान से बरामद किया हैं। एसपी अमित कुमार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार व एसडीओपी संदीप कुमार मालवीय अनुभाग जावरा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पिपलौदा निरी. रमेश कोली, थाना प्रभारी आनन्दसिंह आजाद के नेतृत्व में बनी टीम को अपहृत हुई 2 नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता मिली। 14 अक्टूबर को फरियादी की नाबालिक बालिका के अपहर्त होने की रिपोर्ट पर थाना पिपलौदा पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावरा संदीप कुमार मालवीय के निर्देशन मे उनि राजु मखौड़ चौकी प्रभारी सुखेड़ा के नेतृत्व मे टीम का गठन कर अपहर्ता बालिकाओ व संदेही आरोपीयो की तलाश हेतु सायबर सेल की तकनीकी सहायता से जिला बाडमेर राजस्थान रवाना किया। जिला बाडमेर से दोनों थाने से अपहर्त बालिकाओ को आरोपीयों के कब्जे से दस्तयाब किया व आरोपीयो को थाना पिपलौदा में लाकर विधिवत कार्यवाही कर परिजन के सुपुर्द किया। थाना पिपलौदा मे गिरफ्तार आरोपी पुष्कर पिता रामकिशन मीणा उम्र 25 साल निवासी ग्राम जाजली थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ राजस्थान, थाना रिंगनोद मे गिरफ्तार आरोपी अजय कीर पिता गोपीनाथ कीर निवासी काम्बलिया थाना रिंगनोद मे बंद है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** निरीक्षक रमेश कोली थाना प्रभारी पिपलौदा, निरी. आनन्दसिंह आजाद थाना प्रभारी रिंगनोद, उनि राजू मखोड़ चौकी प्रभारी सुखेड़ा, सउनि कमलेश सीनम थाना रिंगनोद, आरक्षक विजय पाल, आरक्षक त्रिलोकसिंह, आरक्षक जितेन्द्र माली, आरक्षक राजेश पटेल, सैनिक अशोक कुमावत एवं सायबर सेल से आरक्षक तुषार की सराहनीय भूमिका रही।

**मांग** ▶ **विधायक को पत्र सौंप समिति ने की मुक्तिधाम पर विकास कार्यों की मांग**

## श्मशान घाट में विधायक निधि से बड़ा हॉल निर्माण की मांग

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर के अति प्राचीन श्मशान घाट प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार सहित नवीन हाल निर्माण की मांग को लेकर आनन्दी हनुमान मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा।



पत्र में कहा गया है कि नगर की पूर्व दिशा में स्थित आनन्दी हनुमान मुक्तिधाम परिसर में वर्षों पुराना हनुमान मंदिर बना हुआ है, मंदिर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उसके नवनिर्माण की आवश्यकता है। जीर्णोद्धार होने से मंदिर नवीन रूप लेकर निखरने लगेगा। समिति सदस्यों ने श्मशान घाट की सीमा में विधायक निधि से एक बडा हॉल के निर्माण की मांग भी की। इस बारे में उन्होंने विधायक डॉ. पाण्डेय को बताया कि वहां अंतिम संस्कार में उपयोगी लकडी-कंडे रखने के लिए जो कमरे बनें हैं, उनमें पर्याप्त मात्रा में उक्त सामग्री एकत्रित करने में परेशानी हो रही है। इसलिए इन कमरों को डिस्मेंटल कर इनके स्थान पर बडा हॉल बनाने की योजना है। जो कि जनसहयोग व विधायक निधि के बिना संभव नहीं है। विधायक डॉ. पाण्डेय के समक्ष मुक्तिधाम के पदाधिकारियों, सदस्यों ने अपनी मंशा जाहिर करते हुए बताया कि उक्त शमशान घाट पर विकास कार्यों हेतु अगर सांसद, विधायक निधि से राशि प्राप्त हो जाए तो अन्य सुविधाएं जुटाने में आसानी होगी। इस पर आनन्दी हनुमान मुक्तिधाम समिति के मुख्य संरक्षक और विधायक डॉ. पाण्डेय ने श्मशान घाट का निरीक्षण करने के साथ ही इस मामले में एक बैठक आयोजित कर विचार विमर्श करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि शांतिवन में निरीक्षण के दौरान जो कमियां सामने आएगी, उन्हें दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। डॉ. पाण्डेय ने सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार से पूर्व उसका नक्शा बनवा लिया जाए।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर धर्मचंद चपड़ोद, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, सुभाष टुकड़ियां, दशरथ कसानिया, विनोद अग्रवाल, राजेश धाकड़ रमेश कसानियां, विनोद औरा, राजकुमार धाकड़, भूपेन नामदेव, सुनील पनहार, श्याम नायमा, जयेश चोरडिया आदि उपस्थित रहे।